हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 14 जुलाई 2025

06 औचक निरीक्षण में अव्यवस्थाओं को देखकर...



07 जर्जर हालत की पांच दशक पुरानी टंकी को अब सुधार ...





## खबर संक्षेप

### दो कर्मियों के विरुद्ध दी अभियोजन की स्वीकृति

**नर्मदापुरम।** तहसील डोलरिया में पदस्थ सहायक ग्रेड-3 नायब नाजिर अमित लौवंशी एवं भृत्य आशीष कहार के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी तथा सक्षम प्राधिकारी सोनिया मीना द्वारा अभियोजन स्वीकृति प्रदान की गई है। विदित हो कि पूर्व में थाना डोलरिया में धारा 409 भादवि सहपठित धारा 13 (1) ए, 13(2) भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत दर्ज प्रकरण जिसमे सहायक ग्रेड-3 नायब नाजिर अमित लौवंशी एवं भृत्य आशीष कहार के विरुद्ध शासकीय कार्य में गंभीर अनियमितताओं के लिए प्रकरण दर्ज किया गया था। जांच के लिए गठित दल जिसमे जिला कोषालय अधिकारी नर्मदापुरम के नेतृत्व में जांच दल द्वारा जांच की गई एवं जांच में पाया गया कि आरोपीगणों ने शासकीय राशि 2 करोड़ 23 लाख 33 हजार 863 रुपये का कपटपूर्ण आहरण कर शासन को वित्तीय क्षति पहुंचाई। उक्त जांच के आधार पर अपराध का संज्ञान सक्षम न्यायालय द्वारा लिये जाने हेतु भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सोनिया मीना द्वारा अभियोजन की स्वीकृति प्रदान की गई है।

### जोरदार बारिश के बीच हुई पचमढ़ी मानसून मैराथन

# मैराथन में शामिल होने कई राज्यों से आए धावक, 2000 ने हिस्सा लिया

मप्र टूरिज्म बोर्ड के सहयोग से पचमढ़ी में रविवार को मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इस दौड़ में विभिन्न राज्यों से 2000 धावकों ने हिस्सा लिया और बरसते पानी में जमकर दौड़ लगाई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मध्यप्रदेश का प्रसिद्ध हिल स्टेशन पचमढ़ी में मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड एवं जिला प्रशासन के सहयोग से एवं 'एडवेंचर एंड यू' (केए कनेक्ट) के माध्यम से पचमढ़ी मानसून मैराथन का भव्य आयोजन रविवार को किया गया। जिला प्रशासन नर्मदापुरम के सहयोग से आयोजित मैराथन में देशभर से लगभग 2000 धावकों ने एवं 7 अंतरराष्ट्रीय धावक भी मैराथन में शामिल हुए। कई धावक नागपुर ओर भोपाल शहर से साइकिल चलाकर पचमढ़ी मानसून मैराथन में शामिल हुए देशभर से ध्वकों ने लिया दौड़ में हिस्सा पचमढ़ी के प्राकृतिक सौंदर्य के बीच 42 किलोमीटर, 21 किलोमीटर, 10 किलोमीटर एवं 5 किलोमीटर की श्रेणी के लिए मैराथन हुई।

**पचमढ़ी की वादियों में लिया खेल का आंनद**




### विभिन्न आयु वर्ग की कैटेगरी में मिले पुरस्कार

5 वर्ष से 61 वर्ष की अधिक आयु के अलग अलग केटेगरी में हुए प्रथम ,द्धतीय ओर तृतीय स्थान पर आए प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। पुरुस्कार वितरण टूरिज्म बोर्ड के ज्वाइंट डायरेक्टर डॉ. संतोष कुमार श्रीवास्तव , रिटायर्ड राजेश दत्ता कर्नल, ग्लेन व्यू प्रबंधक आलोक सक्सेना द्वारा किया गया। दौड़ के दौरान मध्यप्रदेश पर्यटन से सलाहकार पर्यटन एडवेंचर कैलाश सिंह,परियोजना प्रबंधक अवनीश यादव,ग्लेन व्यू होटल प्रबंधक आलोक सक्सेना ,जिला पर्यटन प्रबंधक मनोज सिंह ठाकुर,मैराथन संचालक मितेश रम्भिया एवं पर्यटन से अन्य लोग मौजूद रहे।

### यह हुए पुरस्कृत

- 42 किलोमीटर में पुरूष प्रथम स्थान पर जितेंद्र पाटले
- 42 किलोमीटर में महिला में रितुजा माड़वी प्रथम स्थान
- 42 किलोमीटर में पु.द्धतीय स्थान पर अंकित शर्मा
- 42 किलोमीटर में म.पु.द्धतीय स्थान पर निकिता मंडलोई
- 21 किलोमीटर में पुरूष प्रथम स्थान पर मोहित कोरे
- 21किलोमीटर में महिला प्रथम स्थान पर निकिता साहू
- 21 किलोमीटर में पु.द्धतीय स्थान पर तेजस बानकर
- 21 किलोमीटर में म.द्धतीय स्थान पर हिना मिस्त्री पर विजेता रहे।

# भू अर्जन व फार्मर रजिस्ट्री के प्रकरणों का निराकरण करें

### समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोनिया मीना ने शनिवार को जिले में भू अर्जन एवं फार्मर रजिस्ट्री के प्रकरणों की अनुविभागवार समीक्षा की। बैठक के दौरान कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक भू अर्जन अधिकारी अपने क्षेत्र के लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा कर निर्धारित समय सीमा में निराकरण करें। उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट श्री बृजेन्द्र रावत को निर्देश दिए कि कि अपेक्षा अनुरूप प्रगति न करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही प्रस्तावित करें। कलेक्टर ने यह निर्देश भी दिये कि जिन अनुविभागीय अधिकारियों के पास अधिक संख्या में प्रकरण लंबित हैं उनकी साप्ताहिक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए तथा नियमानुसार कार्यवाही की जाए।

कलेक्टर ने फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति की भी विस्तार से समीक्षा करते हुए कहा कि शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप शेष किसानों का पंजीयन आगामी तीन दिवसों में पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए फार्मर रजिस्ट्री एवं भू अर्जन के लंबित प्रकरणों का निराकरण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है। इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट बृजेंद्र रावत एवं अधीक्षक भू-अभिलेख सुरेखा यादव उपस्थित रहे। कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि पूरी गंभीरता से कार्यवाही कर समय-सीमा में प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करें।

### बाल देखरेख संस्थाओं का किया गया निरीक्षण

**नर्मदापुरम।** किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम की धारा 54 के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय निरीक्षण समिति द्वारा आज दिनांक 12 जुलाई 2025 को जिले में संचालित बाल देखरेख संस्थाओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल ने इंदिरा महिला शिक्षा प्रसार समिति शिशु गृह नर्मदापुरम, जीवोदय सोसायटी बालगृह (बालिका) इटारसी एवं महादेव सुंदरम जन कल्याण शिक्षण समिति इटारसी का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान संस्थाओं में निवासरत बच्चों की सुरक्षा, देखभाल, शिक्षा एवं समग्र विकास को लेकर विस्तार से चर्चा की गई तथा संस्थाओं के संचालकों एवं संबंधित विभाग प्रमुखों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## बांद्राभान नर्मदा तट पर मिला 10 दिन पुराना शव, जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

बांद्राभान संगम स्थल पर रविवार सुबह एक 8-10 दिन पुरानी लाश मिली। यह लाश नर्मदा और तवा नदी के संगम की रेत पर पड़ी थी। सूचना मिलते ही पुलिस एसडीआरएफ की मदद से नाव से पहुंची और लाश को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लाया गया। पुलिस के अनुसार, शव करीब 35 वर्षीय युवक का है।

टी-शर्ट और अंडरवियर पहना हुआ था, लेकिन शव बुरी तरह सड़ चुका है, जिससे अब तक पहचान नहीं हो पाई है। एसआई धर्मेंद्र वर्मा ने बताया कि सुबह 6 बजे सूचना मिली थी कि संगम स्थल की रेत पर लाश पड़ी है।

टीम ने एसडीआरएफ की मदद से नाव से पहुंचकर शव को बाहर निकाला। पुलिस को आशंका है कि नर्मदा नदी के तेज बहाव में यह लाश कहीं दूर से बहकर आई हो। फिलहाल देहात थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर लिया एवं विवेचना शुरू कर दी है।

## दस्तक अभियान : प्रशिक्षित दस्तक दल सभी आंगनबाड़ियों में बच्चों की करेंगे स्वास्थ्य जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में भी 22 जुलाई से 16 सितंबर तक स्टॉप डायरिया सह दस्तक अभियान संचालित किया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत जिले के सभी विकासखण्डों में मास्टर ट्रेनरों द्वारा सेक्टर एवं ब्लॉक स्तरों पर मैदानी अमले को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसमें सीएचओ, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शामिल हैं। एमपीडब्ल्यू मीडिया सुनील साहू ने बताया कि प्रशिक्षित दस्तक दल आंगनबाड़ी केन्द्रों में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों की स्वास्थ्य जांच करेंगे। इसके लिए एमयूएसी टेप, वजन मशीन, हीमोग्लोबिन मीटर आदि उपकरणों का उपयोग किया जाएगा। जांच के दौरान यदि कोई बच्चा एनीमिया, निमोनिया, गहन दस्त रोग या कुपोषण से प्रभावित पाया जाता है तो उसे तुरंत



उच्च संस्था को रेफर कर आवश्यक उपचार सुनिश्चित किया जाएगा तथा संबंधित संस्था प्रभारियों को सूचित किया जाएगा। दस्तक दल द्वारा 6 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को आयरन सीरप एवं 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन 'ए' की खुराक दी जाएगी। दस्त रोग से ग्रसित बच्चों को ओआरएस के दो पैकेट तथा जिंक की गोली प्रदान की जाएगी।

## समेरिटंस स्कूल के 4 एनसीसी कैडेट्स का थल सेना कैंप के लिए चयन, हुए रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

13 मध्यप्रदेश बटालियन के कमान अधिकारी के मार्गदर्शन में समेरिटंस हायर सेकंडरी स्कूल नर्मदापुरम के चार कैडेट निहाल अहिरवार, केशव श्रीवास्तव, युवराज यादव, वत्सल पांडे थल सेना कैंप में शामिल होंगे। ये सभी कैडेट हवलदार अनिल कुमार के साथ रवाना हो गए हैं।

सेकंड अफसर विजय प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि इन कैडेट्स ने पहले बटालियन स्तर पर सूबेदार मेजर जीवी सिंह, नायब सूबेदार रामवतार सिंह एवं अधिकारियों के



सानिध्य में प्रशिक्षण प्राप्त कर किया। थल सेना कैंप में उन्हें सेना एवं फायरिंग, एकता अनुशासन देश सेवा की जानकारी मिलेंगी एवं चयनित कैडेट्स राष्ट्रीय स्तर पर जाएंगे। उनकी इस उपलब्धि पर संस्था के डायरेक्टर डा. आशुतोष शर्मा, प्राचार्य प्रेरणा रावत, एनसीसी मैनेजर प्रदीप कुमार यादव, एनसीसी अधिकारी स्नेहा उपाध्याय ने खुशी जाहिर कर शुभकामनाएं दी।

## श्रद्धांजलि सभा में विधायक डॉ शर्मा बोले स्व मिश्रा का जाना हम सबके लिए निजी क्षति

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

विगत 8 जुलाई को नगर के वरिष्ठ पत्रकार बलराम मिश्रा का देहावसान हो गया था। रविवार को स्थानीय श्री प्रेम शंकर दुबे स्मृति पत्रकार भवन में नर्मदापुरम पत्रकार संघ द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया था। सभा में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पत्रकार, राजनेता, व्यापारी एवं नागरिकों में स्व बलराम मिश्रा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने कहा कि स्व मिश्रा का हम सभी के बीच से जाना मेरे लिए निजी क्षति है। स्व मिश्रा का जीवन सादगी और सहजता का



पर्याय रहा है उन्होंने सदैव समाज के हित के लिए पत्रकारिता की। 22 वर्षों तक लगातार एक ही संस्थान से जुड़कर उन्होंने समर्पण और सेवा की मिसाल पेश की है। इस दुख की घड़ी में हम हर प्रकार से उनके परिवार के साथ खड़े हुए हैं, डॉ शर्मा ने आश्वासन दिया कि परिवार को हर संभव मदद की जाएगी। साथ ही स्व मिश्रा की पत्नी की नौकरी के लिए भी प्रयास करेंगे। नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने भी श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए स्व मिश्रा को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। । वरिष्ठ पत्रकार अनिल मिहानी, समाजसेवी मनीष ठाकुर, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय, सर्व ब्राह्मण समाज जिलाध्यक्ष जितेंद्र ओझा, नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे आदि मौजूद रहे।

## एम पेड़ मां के नाम, गुरुदेव शिक्षा समिति ने किया पौधरोपण




हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् द्वारा चयनित गुरुदेव शिक्षा एवं समाज सेवा समिति विकास खंड माखननगर जिला नर्मदापुरम ने एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत रविवार को सेक्टर 04 मे वायुदूत ऐप के अंतर्गत नीम पीपल बरगद के पेड़ लगाए। जिसमें नवांकुर संस्था प्रमुख नीतिराजसिंह यादव परामर्शदाता सुरेश यादव गेंदालाल यादव गूजरवाडा,सतीश यादव कोटगांव, वीरेंद्र यादव मानागांव,शैलेष यादव, श्रेयांश दभाड़िया, आदर्श परसाई उपस्थित रहे।

## समाज सेवा के लिए दिल्ली में राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित हुईं नीरजा फौजदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

वरिष्ठ समाजसेवी नीरजा फौजदार को दिल्ली में राष्ट्रीय सम्मान से नवाजा गया। समाज सेवा में विगत 25 वर्षों से समर्पित समाज सेवा के हर एक क्षेत्र में अपनी मंहति भूमिकाओं का निर्वाह करने वाली चाहे दिव्यांग बच्चों की देखभाल भोजन शादी या गरीब युवती का विवाह हो, वृद्धाश्रम में सेवा हो मेडीकल कैंप हो दवाई वितरण हो, ठंड में कबंल या स्वेटर वितरण हो, गर्मी में प्याऊ लगाना हो साथ साथ सनातन धर्म या जैन धर्म के आयोजन हो हर क्षैत्र में विशेष रूप से यहयोगी या रक्तदान हो वृक्षारोपण हो। हर क्षेत्र में अहम




भूमिका निभाने पर पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीना कुमार एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला आयोग ममता शर्मा एवं उद्योगपति डॉ. अभिषेक वर्मा, कमिश्नर कल्पना भाटिया तथा दिल्ली के कई राजनैतिक गण के साथ अधिकारी गण मंच पर विराजमान थे। दिल्ली व कई प्रदेश के सभी सम्मानित जन उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम राजेश पायलट शिक्षा समिति दिल्ली द्वारा आयोजित किया गया। समीति के अध्यक्ष दीपक भाटी द्वारा व उनकी समिति द्वारा किया गया।

## नर्मदा के तट पर युवाओं ने चलाया स्वच्छता अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जय हो समिति के सौजन्य से माँ नर्मदा घाट पर चल रहा साप्ताहिक स्वच्छता अभियान आज अपने 262वें सप्ताह में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। समिति के सदस्यों की सक्रिय भागीदारी के साथ यह अभियान लगातार जन-जागरूकता और माँ नर्मदा के प्रति श्रद्धा का प्रतीक बना हुआ है । इस सप्ताह अभियान की शुरुआत मां नर्मदा के विवेकानंद घाट क्षेत्र में सीढ़ियों एवं आसपास के परिसर की साफ-सफाई की गई। वहीं उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने अगली पीढ़ी के लिए एक स्वच्छ और निर्मल नर्मदा तट देने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष अर्पित मालवीय सहित समिति के सदस्यगण दीपक वर्मा, सागर पटेल, जतिन यादव, संजू प्रजापति, विशाल बावरिया, अनुराग वर्मा, दीपक कलोसिया आदि मौजूद रहे।

### पचमढ़ी में प्राकृतिक सौंदर्य को निहारने पहुंचे पर्यटक

## बीते 4 दिन की राहत के बाद फिर बन रहा बारिश का मौसम, मौसम विभाग ने दिया भारी बारिश का अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में तीन दिन की राहत के बाद शनिवार रात से फिर बारिश शुरू हो गई। रातभर कभी तेज तो कभी रिमझिम पानी गिरता रहा। रविवार सुबह से भी बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। सोमवार से गुरुवार तक मध्यम से हल्की बारिश का पूर्वानुमान है। बीते दो दिन मौसम खुला रहने से किसानों ने खेतों में काम तेज कर दिया था। धान के खेतों में भरपूर पानी जमा हो चुका है। किसान रुपाई कर रहे हैं, वहीं सूखे खेतों में सोयाबीन की बोवनी भी शुरू हो गई है।

### पिछले साल से अधिक हुई बारिश

1 जून से 12 जुलाई तक जिले में औसतन 22.0 इंच बारिश दर्ज की गई है। जबकि पिछले साल इसी अवधि में सिर्फ 7.56 इंच बारिश हुई थी। इस बार अब तक 14.44 इंच ज्यादा पानी गिरा है। बीते 24 घंटे में जिले में 1.1 इंच औसत बारिश दर्ज की गई।



**सैलानियों की पहली पसंद पचमढ़ी, सैल्फी में कैद किए नजारे**

मानसून के शुरुआत से ही सैलानियों की पसंद बना हुआ है पचमढ़ी। नागद्वार मेले से पूर्व पचमढ़ी में पर्यटकों की भीड़ देखने को मिल रही है। मानसून में आलम यह है कि पर्यटन स्थल के अलावा पचमढ़ी में लगभग हर जगह सुंदर नजारे देखे जा रहे हैं। पर्यटक अपने वाहनों को पार्किंग स्थल पर लगाकर सुंदर पचमढ़ी को अनुभव कर रहे हैं। वहीं रविवार को भी सैलानियों का जमघट लगा रहा जहां पचमढ़ी की विभिन्न लोकेशनों पर पर्यटकों ने सैल्फी ली।

## सुरीला नर्मदापुरम: नए पुराने गीतों से सुरीली हुई शाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुर युवा मंडल द्वारा फन, म्यूजिक और मस्ती के लिए सुरीला नर्मदापुरम कार्यक्रम में रविवार शाम को गीत संगीत के नए पुराने फिल्मों गानों ने जमकर समा बांधा। रविवार शाम को नेहरू पार्क में अपने परिवार के साथ आए लोगों ने कुछ पल मनोरंजन के साथ सुरीले होकर बिताए। आहूजा म्यूजिक ग्रुप के कलाकारों के साथ पार्क में पहुंचे संगीत प्रेमियों ने भी अपनी आवाज में पुराने नगमे गुनगुनाएं। सुरीला नर्मदापुरम कार्यक्रम प्रति रविवार आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की पूजन के साथ हुई। यह कार्यक्रम स्थानीय कलाकारों को संगीत का एक प्लेटफॉर्म देने के लिए है। आहूजा म्यूजिकल ग्रुप के संचालक प्रकाश आहूजा सहित सूरज तलरेजा, आनंद मोहन शुक्ला, हरीश मांझी, वैभव सन्तोरे, वासुदेव सेन आदि मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

### हत्या के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार, डंडा किया गया जब्त



**बैतूल।** हत्या के मामले में फरार आरोपी को मुलताई पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिसके पास से घटना में प्रयुक्त डंडा भी जब्त किया है। पुलिस जनसंपर्क अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार 24 मई 2025 को फरियादिया जानकी पति फलवनशाह धुर्वे (34 वर्ष) निवासी ग्राम वामला, थाना लावाघोघरी, जिला छिंदवाड़ा ने थाना मुलताई में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसी दिन ग्राम सर्रई निवासी संतोष उर्फ बल्लू पवार पिता सावन्या पवार, फरियादिया के पिता झनीराम उइके के पास कैलाश पठाडे के खेत में आया और भैंस पर जादू-टोना करने की बात को लेकर झनीराम से गाली-गलौच करते हुए जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर सागौन की लकड़ी के डंडे से मारपीट की। रिपोर्ट पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उपचार के दौरान पीड़ित झनीराम उइके पिता सोमलाल उइके (55 वर्ष) निवासी ग्राम सर्रई की 21 जून 2025 को जिला अस्पताल बैतूल में मृत्यु हो गई। जिस पर मर्ग कायम कर धारा 103(1) बीएनएस का इजाफा किया गया। प्रकरण की विवेचना एसडीओपी. मुलताई द्वारा की जा रही है। प्रकरण के फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए थाना प्रभारी निरीक्षक देवकरण डेहरिया के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। लगातार सुरागरसी-पतासाजी कर मुखबिर सूचना पर आरोपी संतोष उर्फ बल्लू पवार पिता सावन्या पवार (46 वर्ष) निवासी ग्राम सर्रई को ग्राम दुनावा से गिरफ्तार किया गया। आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त सागौन की लकड़ी का डंडा विधिवत रूप से जप्त किया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में उप जेल मुलताई भेजा गया है।

### धोखाधड़ी के आरोपियों को किया गिरफ्तार

**बैतूल।** थाना मुलताई पुलिस द्वारा धोखाधड़ी के प्रकरण में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस जनसंपर्क अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार 02 फरवरी 2024 को आवेदक उमेश पिता किसना डांगे (33 वर्ष) निवासी ग्राम आष्टा, थाना मुलताई द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया कि अनावेदकगण विश्वास डोंगरे एवं मितेश पारे द्वारा डेमलर फाइनेंस कंपनी द्वारा जब्त किए गए ट्रक क्रमांक एमएच -40-बीएल 4555 को छुड़वाने के नाम पर 2,50,000 लेकर धोखाधड़ी की गई है। आवेदन के आधार पर थाना मुलताई में धारा 420, 34 भारतीय दंड विधान के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपियों की तलाश के लिए डेमलर फाइनेंस कंपनी भोपाल में कई बार दबिश दी गई एवं अन्य संभावित स्थानों पर तलाश की गई। गोपनीय सूचना पर पता चला कि आरोपी भोपाल में छिपे हैं। इस पर पुलिस टीम ने आरोपी मितेश पिता विनोद पारे (45 वर्ष) निवासी मगरद जिला हरदा, हाल मुकाम सर्वधर्म कॉलोनी, भोपाल को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

## नाबालिग की मौत के गंभीर मामले में कार्रवाई या औपचारिकता निभाई?

# बालिका की मौत के डेढ़ माह बाद लगी झोलाछाप पर मामूली धारा, उठे सवाल

असलम अहमद ▶▶ मुलताई

झोलाछाप डॉक्टर के इलाज के बाद नाबालिग बालिका की मौत के मामले में मुलताई पुलिस ने भारतीय चिकित्सा केंद्रीय परिषद अधिनियम, 1970 की धारा 24, के तहत डॉ. बक्शी के विरुद्ध मामला पंजीबद्ध करने की पुष्टि की है। विधि के जानकारों के अनुसार उक्त धारा में 1 वर्ष की सजा और 1000 जुरमाने का प्रावधान है। लोगों का मानना है कि क्या अपराध की तुलना में यह धारा दंड के स्थान पर मात्र औपचारिकता है बड़ा प्रश्न यह है कि नाबालिग बालिका की मौत जैसे गंभीर मामले में इंसाफ हो पाएगा। अभी तक पुलिस ने नाबालिग की मौत के गंभीर मामले में सीआरपीसी की धारा लगाए जाने की पुष्टि नहीं की है और ना ही बगैर डिग्री के एलोपैथिक इलाज कर रहे। उक्त डॉक्टर की क्लीनिक से अवैध दवा बरामद कर उसे सील किया है, जबकि मोहन यादव सरकार ने सभी जिले के सीएमएचओ को ऐसे मामलों में तत्काल ठोस कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं। यही कारण है कि उक्त गंभीर मामले में लगाई गई धारा एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रतिवेदन की भूमिका को लेकर सवाल उठ रहे हैं।




### बिना वैध डिग्री के वर्षों से क्लीनिक खोलकर करता रहा इलाज

*डॉ बक्शी ने मुलताई पुलिस को बताया कि उसके पास इलेक्ट्रो होम्योपैथी की डिग्री है। जिसकी पुष्टि थाना प्रभारी मुलताई ने भी की है जब हमने स्वास्थ्य विशेषज्ञों से चर्चा एवं सर्च किया तो जो तथ्य सामने है, वह चौका देने वाले है। जिसके तहत इलेक्ट्रो होम्योपैथी को भारत में मेडिकल पद्धति के रूप में मान्यता प्राप्त नहीं है। इस आधार पर डॉक्टर शब्द का प्रयोग करना गलत है। इलेक्ट्रो होम्योपैथी में प्रशिक्षित व्यक्ति को एलोपैथिक दवाइयाँ लिखने या इलाज करने का कोई अधिकार नहीं है। यदि कोई इलेक्ट्रो होम्योपैथी प्रैक्टिशनर एलोपैथिक की दवाएँ देता है या इलाज करता है, तो यहःभारतीय चिकित्सा परिषद अधिनियम (इंडियन मेडिकल कौंसिल एक्ट) क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट भारतीय दंड संहिता की धारा 420, 468, 471 चिकित्सा से संबंधित कानूनों के तहत दंडनीय अपराध है। महत्वपूर्ण तथ्य है कि एक व्यक्ति जिसके पास कोई वैध मेडिकल पद्धति की डिग्री नहीं है वह वर्षों तक मुख्य मार्ग पर क्लीनिक खोलकर एलोपैथिक इलाज करता रहा और अब जब नाबालिग बालिका की मौत के आरोप लग रहे हैं तब भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पा रही है।*

### मां ने कहा था, बक्शी से इलाज के बाद बिगड़ी थी हालत

उल्टी दस्त के मामले में एक झोलाछाप डॉक्टर बक्शी से इलाज कराने के तीन दिनों बाद नाबालिग 10 वर्षीय बालिका की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मौत हो गई थी। मृतक बालिका की मां कविता बाई ने बताया कि बालिका को तीन दिन से दस्त लगे थे जिसका इलाज मुलताई के बंगाली डॉक्टर से करा रहे थे। बंगाली डॉक्टर ने लड़की को दवाई गोली देकर इंजेक्शन लगाया किंतु लड़की ठीक होने के बजाय हालात और बिगड़ गए जिसको लेकर हम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां बालिका की मौत हो गई। परिजनों ने डॉ बक्शी पर गलत इलाज और समय पर रेफर नहीं करने का आरोप लगाया था।

### इनका कहना है

10 वर्ष की बालिका को मुलताई स्वास्थ्य केंद्र लाया गया था, जहां उसकी मृत्यु हो गई थी। परिजनों द्वारा बताया गया था कि डॉक्टर बक्शी से इलाज कराया है। डॉ. बख्शी की डिग्री की जानकारी प्राप्त की गई। उसके पास इलेक्ट्रो होम्योपैथी की डिग्री है। बख्शी ने एलोपैथिक दवाओं से इलाज किया था। मामला जांच में लिया था, जिसके तहत डॉक्टर बक्शी के खिलाफ धारा 24 आयुर्वेदिक गण के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है।

- **देवकरण डेहरिया**, थाना प्रभारी मुलताई

मुलताई थाने से इस संबंध में प्रकरण दर्ज होने संबंधी पत्र प्राप्त हुआ था जब यह घटना हुई थी मैं यहां नहीं था पत्र देखकर ही कुछ कह सकूंगा।

- **गजेंद्र मीणा**, ब्लॉक स्वास्थ्य अधिकारी मुलताई

## गो सांसद पहुंचे कांजी हाउस

# औचक निरीक्षण में अव्यवस्थाओं को देखकर जताई सख्त नाराजी






**बैतूल।** शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती द्वारा मनोनीत गौ सांसद युवराज मालवीय श्रीगौड़ द्वारा कढ़ाई स्थित नपा की गौशाला, जिसे उन्होने गौशाला न बताकर कांजी हाउस कहा, का औचक निरीक्षण किया गया। गौ सांसद श्री मालवीय के साथ उनकी टीम के, नंदिनी गौशाला के गौसेवक गिरीश खंडेलवाल, गौसंरक्षक डॉ. राकेश मालवीय, गौप्रेमी दीपक वर्मा, गौरक्षक संतोष कुबड़े, गौभक्त उत्पल शुक्ला सहित अन्य लोग मौजूद थे। उनके निरीक्षण का उद्देश्य शहर में घूम रहे गौवंश को पिछले कुछ दिनो से नगर पालिका द्वारा पकड़ कर गौशाला भेजने के अभियान का जायजा लेना बताया। उन्होंने वहां की अव्यवस्थाओं को देखकर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि गौवंश को गौशाला के नाम पर कांजी हाउस पहुंचा जा रहा था। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा एक तरफ गौमाता को बचाने की बात की जाती है, वहीं दूसरी तरफ बैतूल जिले में गौवंश सुरक्षित नहीं हैं। जबकि सरकार के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अध्यक्ष तथा सदस्य एनिमल वेलफेयर बोर्ड ऑफ इंडिया श्रीराम रघुवंशी द्वारा पिछले दिनों बैतूल जिले के प्रवास के दौरान सडक़ पर घूम रहे गौवंश को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने, गोचर भूमि खाली करवाने जैसे नैतिक विषयो पर प्रशासन के संज्ञान को लेकर कलेक्तर के साथ बैठक ली गई थी, कांजी हाउस, नपा द्वारा संचालित है, वहां गौवंश के लिए कोई अच्छी सुविधा नहीं है। वह तो जेल, कारागार, कालापानी है, जहां कैद होकर गौवंश आकस्मिक ही मृत्यु प्राप्त को हो रही है।

### हड्डी बीन रहे युवक को देख भड़के गो सांसद

*गौ संसद का कहना है कि कांजी हाउस में लाए जाने वाले पशुओं की मृत्यु के बाद भी वे सुरक्षित नहीं है, निरीक्षण के दौरान उन्होने देखा कि वहां पर जिन मृत गौवंश को गाड़ा जा रहा है, उनकी हड्डी को बैतूलबाजार के एक युवक द्वारा गाड़ियों में भरकर ले जाया जा रहा है। यह किसकी परमिशन से ले जाया जा रहा है, इसकी जानकारी किसी को भी नहीं है।*

# कांबिंग नाइट गश्त अभियान के तहत 193 वारंटी गिरफ्तार



**बैतूल।** पुलिस ने जिले भर में एक व्यापक कांबिंग नाइट गश्त अभियान चलाया गया। इस दौरान 129 गिरफ्तारी वारंटी, 64 स्थायी वारंटी कुल 193 गिरफ्तारियां की गई। दरअसल पुलिस अधीक्षक बैतूल निश्चल झारिया के नेतृत्व में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती कमला जोशी के मार्गदर्शन तथा समस्त एसडीओपी एवं थाना प्रभारियों की सक्रिय सहभागिता से रात्रि को जिले भर में एक व्यापक कांबिंग नाइट गश्त अभियान चलाया गया। इस सघन अभियान का उद्देश्य वारंटियों की गिरफ्तारी, निगरानी बदमाशों की चेकिंग एवं अपराध पर नियंत्रण स्थापित करना रहा। अभियान के दौरान कुल 193 गिरफ्तारियों के अलावा 25 निगरानी बदमाश एवं 29 गुंडा तत्वों की गहन चेकिंग, 34 जिला बदर/निगरानीशुदा व्यक्तियों की पूछताछ एवं निगरानी और गंभीर अपराधों (जैसे गौवंश अधिनियम, आर्म्स एक्ट, जुआ, लूट, डकैती, वन अधिनियम आदि) में वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी की गई। चिचोंली थाना अंतर्गत सर्वाधिक 15 गिरफ्तारी वारंटी एवं 8 स्थायी वारंटी गिरफ्तार किए गए।

### रेलवे टनल से गौसेवकों ने घायल गाय को बचाया

बैतूल। मलामझिरी क्षेत्र में एक घायल गाय को रेलवे टनल से बचाया गया है। शनिवार रात ट्रेन में सफर कर रहे एक यात्री ने डायल-100 पर सूचना दी। प्रथम बोबदापुल के पास गाय घायल अवस्था में मिली थी। डायल-100 से आरक्षक सूर्यकांत बरखाने और पायलट नीलेश राठौर तुरंत मौके पर पहुंचे। दोनों को 4 किलोमीटर का कच्चा और दुर्गम रास्ता पैदल तय करना पड़ा। घायल गाय एक नाली में फंसी हुई थी। पुलिसकर्मियों ने स्थानीय गौसेवकों से मदद मांगी। दीपक मालवीय, पवन मालवीय, बिट्टू गोयल, नंदू पंवार, अन्ना चौहान और आयुष अग्रवाल सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे। सभी ने मिलकर रस्सियों और बांस-बल्लियों की मदद से गाय को बचाया। घायल गाय को एक किलोमीटर दूर मेन रोड तक लाया गया। वहां से ट्रैक्टर से मलामझीरी स्थित गौशाला में उपचार के लिए भेजा गया।

## पवित्र नगरी में लगेंगे 5000 फल एवं छायादार पौधे, संरक्षण का लेंगे संकल्प

# भाविप में एक पेड़ परिवार के नाम अभियान हुआ शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मूलताई

पवित्र नगरी मुलताई में भारत विकास परिषद की मध्य भारत दक्षिण प्रांत मां ताप्ती शाखा मुलताई द्वारा एक पेड़ परिवार के नाम अभियान प्रारंभ किया है। इस अभियान का प्रारंभ बैतूल रोड पर खुशहाल जीवन प्रार्थना एवं वृक्षारोपण से किया गया। जिसके तहत दो दर्जन से अधिक फलदार पौधे लगाए गए हैं।



पर्यावरण संरक्षण के लिए यह नई पहल एक पेड़ परिवार के नाम अभियान के अंतर्गत 5000 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। आज अभियां के प्रथम दिन प्रकाश अग्रवाल, मोनू खंडेलवाल, निलेश अग्रवाल, राजेंद्र सिंह ठाकुर ने बैतूल रोड पर फलदार और छायादार पौधे लगाए। इस वृक्षारोपण अभियान का उल्लेखनीय पहलू यह है कि भारत विकास परिषद के सदस्यों के साथ उनके संपूर्ण परिवारजनों ने इस अभियान में बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। परिषद से जुड़े मोनू खंडेलवाल ने बताया कि इस अभियान के तहत संपूर्ण नगर में 5000 पौधे लगाए जाएंगे और इसमें सभी निजी प्रमुख संस्थानों और समाज सेवी संगठनों का सहयोग लीया जाएगा। 22 जुलाई को ड्रीम्स प्ले स्कूल में पौधा रोपण कार्यक्रम रखा गया है। एक पेड़ परिवार के नाम अभियान का उद्देश्य सिर्फ पौधे लगाना ही नहीं है बल्कि इनकी देखरेख करके इन्हें वर्ष भर पालन भी है जिसकी जवाबदारी भी वृक्षारोपण करने वाले पर ही होगी। संस्था द्वारा हर परिवार को कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी देखभाल का जिम्मा सौंपा गया है। पौधों की नियमित देखरेख के लिए जिम्मेदारियां तय की गई हैं।इस अभियान से निजी स्कूल एवं संस्थाओं को जोडऩे का अभिप्राय पौधों की देखरेख हो सके। इसमें विकास परिषद के जिला समन्वयक राजीव जैन, शाखा सचिव कन्हैया सोनी, अभिषेक खंडेलवाल, नीलेश अग्रवाल और कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# नाले में मिला युवक का शव, दो दिन से था लापता

**बैतूल।** खेड़ी सांवलीगढ़ क्षेत्र के चिचठाना गांव निवासी एक युवक का शव रविवार को करंजी नाले में 7 फीट गहरे पानी में मिला। युवक शुक्रवार शाम से लापता था। शव मिलने के बाद गांव में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान 27 वर्षीय रामाजी पिता धीरू आहाके के रूप में हुई है। शुक्रवार को वह सराड़ गांव जाने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन रात तक लौटकर नहीं आया। बाइक नाले के पास मिली, शव कुछ दूरी पर पानी में तैरता मिला। परिजनों ने शनिवार को तलाश शुरू की तो करंजी नाले के पास रामाजी की बाइक खड़ी मिली। शक के आधार पर जब पास के नाले में खोजबीन की गई, तो करीब 7 फीट गहरे पानी में शव मिला। सूचना पर गांव के कोटवार ने पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला और पंचनामा किया। शव को जिला अस्पताल भिजवाया गया, जहां पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। युवक की मौत कैसे हुई, अभी स्पष्ट नहीं। चौकी प्रभारी राकेश सरेआम ने बताया कि मृतक के मुंह, नाक और आंखों के ऊपर की त्वचा को केकड़ों ने खा लिया था। युवक की मौत के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। हो सकता है वह बाइक से उतर कर शौच के लिए गया हो और गहरे पानी में गिर गया। पीएम रिपोर्ट आने के बाद उसकी मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है। यह हादसा है, आत्महत्या या कोई और वजह, इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही हो पाएगा।

# सोनाघाटी क्षेत्र में 20 को महा पौधरोपण अभियान होगा

**बैतूल।** लायंस क्लब बैतूल अमीगोज़ द्वारा 20 जुलाई को सोनाघाटी क्षेत्र में महा पौधारोपण अभियान चलाया जाएगा। यह कार्यक्रम प्रातः 11 बजे से प्रारंभ होगा। इस ऐतिहासिक अभियान की घोषणा क्लब अध्यक्ष लायन तिलक पगारिया ने 12 जुलाई को होटल आईसीइन में आयोजित लायंस क्लबों और लियो क्लबों के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान की। कार्यक्रम की अध्यक्षता द्वितीय उप-जोन गवर्नर एमजेएफ लायन पंकज मारू ने की। क्लब अध्यक्ष लायन तिलक पगारिया ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य है कि कम से कम 20 सक्रिय सदस्य व जागरूक नागरिक आगे आकर हर व्यक्ति कम से कम 50 पौधों के रोपण और उनके संरक्षण की जिम्मेदारी लेना होगा। लायन तिलक पगारिया ने इस मौके पर लियो क्लब बैतूल अमीगोज़ गोल्ड की स्थापना एवं प्रायोजन की भी घोषणा की और कहा कि यह लियोवाद की विरासत को आगे बढ़ाने की दिशा में एक मजबूत कदम है। अब पूर्व लियो सदस्य, लियो लायन बनकर नई पीढ़ी को नेतृत्व सौंपेंगे। कार्यक्रम में मौजूद लायंस और लियो क्लबों के सदस्यों ने इस अभियान को मिलकर सफल बनाने का संकल्प लिया। लायंस क्लब बैतूल अमीगोज़ ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इस पुनीत कार्य में भाग लें और कम से कम एक पौधा लगाकर और उसकी देखरेख कर भविष्य की पीढ़ी के लिए हरियाली की नींव रखें।

### एचएमएस की मासिक बैठक 15 को होगी

**बैतूल।** कोल माइन सेवानिवृत्ति कर्मचारी संघ (एचएमएस) जिला बैतूल की मासिक बैठक मंगलवार, 15 जुलाई को सुबह 11 बजे शहीद भवन, बैतूल में आयोजित की जाएगी। अध्यक्ष डी. के. साहू ने बताया कि बड़ी संख्या में पेंशनभोगी साथियों के पीपीओ (पेंशन भुगतान आदेश) नंबर अब तक जारी ही नहीं हुए, जबकि कई साथियों के नंबर पुराने पते पर भेजे गए जिससे वे दस्तावेज़ उन तक पहुँच ही नहीं पाए। नई दिल्ली से प्राप्त नवीनतम पत्र पर भी इसी समस्या का उल्लेख है, जिसे बैठक में बारीकी से पढक़र आगे की रणनीति तय की जाएगी। महामंत्री डी. आर. झरवाडे ने स्पष्ट किया कि बिना पीपीओ नंबर के पेंशन हस्तांतरण, बैंक प्रक्रिया और निःशुल्क चिकित्सा लाभ सबकुछ अटक जाता है। इसलिए संघ ने यह बैठक विशिष्ट रूप से आयोजित की है। कोल पेंशनर साथियों से कहा दस्तावेज़ लेकर आएं, ताकि फार्म भरवाकर या सही पते की पुष्टि कर पीपीओ जारी करवाने की प्रक्रिया तेज़ की जा सके।

## बैतूल बाजार प्रज्ञापीठ में सफलतम गुरु पूर्णिमा महोत्सव

# कथा-यज्ञ और संस्कारों से गूंज उठा प्रज्ञापुराण महायज्ञ स्थल

**बैतूल।** बैतूल बाजार स्थित गायत्री प्रज्ञापीठ में इस वर्ष की गुरुपूर्णिमा विशेष रही। केवल दो दिन की तैयारियों में संपन्न हुए प्रज्ञापुराण कथा और पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ आयोजन ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। कार्यक्रम की रूपरेखा जिला समन्वयक डॉ कैलाश वर्मा के संक्षिप्त आव्हान और परिव्राजक पं विनायक धोटे के प्रयासों से बनी, जिसमें किसी भी श्रद्धालु से अंशदान नहीं लिया गया। रिमझिम बारिश भी श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं कर सकी। भक्त कलश यात्रा में भीगते हुए शामिल हुए और कथा श्रवण में पूरे मनोयोग से डटे रहे। कार्यक्रम में साधना पर विशेष बल दिया गया और गुरुदेव के इसी उद्देश्य को आत्मसात करते हुए 11 नए परिजनों ने ब्रह्मास्त्र साधना की शुरुआत की जिसमें प्रतिदिन 11 माला गायत्री मंत्र और 1 माला महामृत्युंजय मंत्र जाप शामिल है। वहीं 6 से 7 परिजन 40 दिवसीय साधना के लिए पंजीकृत हुए। गायत्री परिवार की आओ गढ़े संस्कारवान पीढ़ी मुहिम के अंतर्गत युवा दंपत्तियों ने पुंसवन संस्कार में विशेष रुचि दिखाई और नामकरण संस्कार में भी उत्साहपूर्वक भागीदारी दी। आयोजन में कुल 85 बच्चों का विद्यारंभ संस्कार संपन्न हुआ। नगर में 5 से 6 महिला मंडलों के गठन को स्वीकृति प्रदान की गई। हर दिन गुरुदेव द्वारा रचित नवयुग का संविधान का सामूहिक पाठ किया गया और विशिष्ट अभ्यागतों को गुरुदेव के साहित्य से सम्मानित किया गया। अखंड दीप और पूज्यनीय माताजी की जन्मशताब्दी पर केंद्रित यह आयोजन साधना और सेवा की प्रेरणा का केंद्र बना रहा।कार्यक्रम में गायत्री परिवार के पूर्व जिला युवा समन्वयक एवं वर्तमान भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पवार ने उपस्थित रहकर उत्साहवर्धन किया। पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष श्री जितेंद्र वर्मा ने आयोजन की संपूर्ण अवधि में सहभागिता निभाई।



आयोजन के समापन अवसर पर युवा प्रकोष्ठ के पंच महा अभियानों में से हरितिमा संवर्धन अभियान के अंतर्गत फलदार पौधों का वितरण किया गया, जिसमें वार्ड के बच्चों, बहनों और युवाओं ने मिलकर अमृतासन प्रसादी व्यवस्था में भी भरपूर सहयोग दिया।

## ठेकेदार की लापरवाही का खामियाजा भुगतने को मजबूर ग्रामीण

# नल-जल योजना बनी दिखावा, पानी भी मिला गंदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैंसदेही

झल्लार पंचायत में नलजल योजना का कार्य अधूरा है। ठेकेदार की इस लापरवाही के कारण ग्रामीण परेशान है। हालात यह है कि ठेकेदार ने जैसे-तैसे काम करके घरों में नल कनेक्शन लगा दिये, लेकिन उसमें गंदा पानी आ रहा है। जिसके कारण ग्रामीण पानी का उपयोग नहीं कर पा रहे है। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार ने नाली में ही पाइप लाइन बिछा दी और नल कनेक्शन कर दिये। अब नाली के पानी के रिसाव से घरों में गंदा और बदबूदार पानी सप्लाई हो रहा है। इसके अलावा ठेकेदार ने नल कनेक्शन के लिए ज्वाइंट भी अच्छे से नहीं मिलाये है। ग्रामीणों ने बताया कि नलजल के लिए ठेकेदार ने जगह-जगह खुदाई की थी, उसे भी उचित तरीके से नहीं भरा गया है। बता दे कि झल्लार पंचायत में करीब डेढ करोड़ की लागत से नलजल योजना स्वीकृत हुई थी। जिसके बाद ग्रामीणों को उम्मीद थी कि उन्हें शुद्ध और पर्याप्त जल मिलेगा और पानी के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा, किन्तु पीएचई विभाग की अनदेखी और ठेकेदार की लापरवाही के कारण यह योजना सिर्फ दिखावा मात्र रह गई है।



### पाईप बिछाने तोड़ी सडक और नालियां

नलजल योजना के ठेकेदार ने पाइप लाईन बिछाने के लिए पंचायत की सडकों को खोदकर छलनी कर दिया। नालियां भी जगह-जगह से तोड़ दी, लेकिन अभी तक मरम्मत कार्य नहीं किया गया। कई बार ठेकेदार को सडक और नाली की मरम्मत करने के लिए भी कहा गया, किन्तु आज करते है, कल करते है, कहकर समय बर्बाद कर रहा है। लेकिन सडक-नाली की मरम्मत नहीं की जा रही है। जिसके कारण गांव की सडक पर बारिश से कीचड़ और गंदगी फैल रही है और स्कूली बच्चों सहित ग्रामीणों को आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### इनका कहना है

गांव की हर सडक और नाली ठेकेदार ने तोड़ दी है। सुधार करने के लिए कहने पर योजना के रिवाइस की बात कही जा रही है। कई बार अधिकारियों से भी इसकी शिकायत की है।

- **मनीष नररे, सरपंच,** ग्राम पंचायत झल्लार

फिलहाल मैं छुट्टी पर हू। छुट्टी से लौटने के बाद ठेकेदार को सडक-नाली निर्माण और कनेक्शनों का व्यवस्थित करने के लिए कहता हूं।

- **एनडी तांडिलकर,** इंजीनियर, पीएचई विभाग भैंसदेही

### 21 को खेड़ी ताप्ती से निकलेगी ऐतिहासिक कावड़ यात्रा

*बैतूल। श्री शिव मंदिर उत्सव समिति विनोबा नगर एवं श्री माता मंदिर समिति शंकर नगर बैतूल द्वारा आगामी 21 जुलाई को खेड़ी ताप्ती से ऐतिहासिक कावड़ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह कावड़ यात्रा प्रातः 7 बजे खेड़ी ताप्ती से प्रारंभ होकर पूरे उत्साह और धार्मिक वातावरण के बीच विनोबा वार्ड स्थित श्री शिव मंदिर पहुंचेगी। कावड़ यात्रा के दूसरे दिन मंगलवार 22 जुलाई को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक श्री शिव मंदिर विनोबा नगर में रूद्राभिषेक और महाप्रसादी वितरण का आयोजन किया गया है। रूद्राभिषेक में पवित्र मंत्रोच्चारण और विधिवत पूजन के साथ भगवान शिव का जलाभिषेक किया जाएगा। इसके पश्चात श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। श्री शिव मंदिर उत्सव समिति विनोबा नगर एवं श्री माता मंदिर समिति शंकर नगर बैतूल द्वारा समस्त नगरवासियों को कावड़ यात्रा एवं रूद्राभिषेक महोत्सव में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। समिति ने अपील की है कि श्रद्धालु इस अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर शिवभक्ति में शामिल हों और पुण्य लाभ प्राप्त करें।*

बैतूल हेल्पलाइन संपर्क : 9425382122, 8839830267

B.ED.प्रवेश तृतीय चरण

बी. आर. अंबेडकर कॉलेज ऑफ एजुकेशन, बैतूल

द्वितीय चरण में प्रवेशित छात्र/छात्राओं को बहुत-बहुत बधाई/स्वागत। दि. 26 जून 2025 से 30/06/2025 तक आवंटित हेल्प सेंटर पर मूल दस्तावेजों का सत्यापन कर दि. 26/06/2025 से 01/07/2025 तक निर्धारित शुल्क आनलाईन जमा कर प्रवेश निश्चित करें तथा कालेज आकर प्रवेश फार्म भरे। शेष रह गये छात्र/छात्राएं निराश न होवें, तृतीय चरण में आनलाईन पंजीयन एवं संस्था का चयन 25 जून 2025 से 30 जून 2025 तक करावें। आनलाईन दस्तावेजो का सत्यापन हेल्प सेंटर पर जाकर 26 जून 2025 से 01 जुलाई 2025 तक करायें। सीट आवंटन एवं प्रवेश शुल्क भुगतान की तिथि 05 जुलाई 2025 से 10 जुलाई 2025 तक। प्रवेश परीक्षा नही। प्रथम च्वाईस में भीमराव रामराव अंबेडकर कालेज आफ एजुकेशन, बैतूल (कालेज कोड - BED823) ही लिखें। रिजल्ट - 20 वर्षो से EXCELLENT, अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति / अन्य पिछडा वर्ग को छात्रवृत्ति सुविधा शासन के नियमानुसार। मेडम या सर बनना निश्चित।

संपर्क - 9302846996, 9300974327, 9826231552, 9111788845

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने दिलाया एक श्रमिक को न्याय

**सीहोर।** एक विवाह समारोह में घरेलू कार्य करने के बाद मजदूरी नहीं मिलने की शिकायत पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए श्रमिक युवती को उसका मेहनताना दिलवाया गया। उल्लेखनीय है कि सीहोर निवासी सर्जन सिंह ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में आवेदन दिया था कि उनकी पुत्री दुर्गा ने अनावेदक के घर पर विवाह अवसर पर घरेलू कार्य किया था, लेकिन उनकी बेटी को इसकी मजदूरी नहीं दी गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव स्वप्नश्री सिंह द्वारा दोनों पक्षों को बुलाया गया और चर्चा की गई।

### कृषि आधारित उद्योग लगाने पर मिलेगी 50 प्रतिशत सब्सिडी

**सीहोर।** किसानों को कृषि आधारित उद्योग लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। कृषि उद्योग समागम मेला भी लगाए जा रहे हैं। कृषि आधारित उद्योग लगाने वाले किसानों को 50 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जाएगी। कृषि उद्योग से जुड़े रोजगार परक कारखाने बनायेंगे, जहां काम करने वाले को 5 हजार रुपये महिने भी दिये जायेंगे। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गाडरवारा में गोशाला निर्माण किए जाने और सुगम परिवहन सेवा भी उपलब्ध के अवसर पर कही। गरीब, युवा, किसान और महिला सशक्तीकरण की दिशा में कार्य हो रहे हैं।

### नप सीएमओ ने किया परिषद की पुरानी पेयजल वितरण टंकी का निरीक्षण

# जर्जर हालत की पांच दशक पुरानी टंकी को अब सुधार की है दरकार

**पानी की पुरानी टंकी व इसके परिसर का निरीक्षण किया। जर्जर हालत की टंकी को देखकर शर्मा ने चिंता व्यक्त की रघुवंशीपुरा वार्ड तथा पुलिस लाइन के समीप स्थित पुरानी पानी की टंकी क्रमांक 01 व इसके परिसर का निरीक्षण किया**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

सोहागपुर नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने गत दिनों नप की पुरानी टंकी व इसके परिसर का निरीक्षण किया। जर्जर हालत की टंकी को देखकर शर्मा ने चिंता व्यक्त की व सुधार के निर्देश दिए हैं।

जानकारी अनुसार सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने नप सोहागपुर की रघुवंशीपुरा वार्ड तथा पुलिस लाइन के समीप स्थित पुरानी पानी की टंकी क्रमांक 01 व इसके परिसर का निरीक्षण किया। सीएमओ शर्मा को कर्मचारियों ने बताया कि टंकी लगभग पांच दशक पुरानी है एवं इसका कुछ वर्ष पूर्व सुधार कार्य किया गया था। सीएमओ ने देखा कि टंकी के कुछ हिस्सों का सीमेंट झड़ रहा है। इसके अलावा शर्मा ने नर्मदा जल परियोजना अंतर्गत बने फिल्टर प्लांट का भी निरीक्षण किया। सीएमओ ने उपयंत्री बृजेश खानोरकर को जर्जर टंकी के सुधार व देखरेख के संबंध में निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल एवं नपकर्मी एचएल परते भी उपस्थित थे।

#### हरिभूमि ने चेताया

उल्लेखनीय है कि हरिभूमि ने 12 मई 2025 को नप की उक्त टंकी के संबंध में समाचार प्रकाशित किया था। हरिभूमि ने उल्लेख किया था कि दशकों पुरानी टंकी का सीमेंट हर जगह से झड़ने लगा है। हर कभी सीमेंट झड़कर नीचे गिरता है, जिससे नपकर्मियों के साथ दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। तथा उल्लेख किया था कि लगभग 50 वर्ष पुरानी टंकी की वर्ष 2014 में मरम्मत कराई गई थी। लेकिन मरम्मत हुए भी एक दशक का समय बीत चुका है और अब पुनः टंकी की हालत खराब हो गई है। देखना है कि सीएमओ खतरा बनती जा रही टंकी का अब क्या करते हैं।

**50 वर्ष पुरानी पानी की टंकी की हालत खराब, दुर्घटनाओं का बना अंदेशा, नागरिकों ने की डिस्मेंटल कराने की मांग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

शहर में रघुवंशीपुरा व नए पुलिस थाने के समीप नगर परिषद की पानी की टंकी है। दशकों पुरानी टंकी की सीढ़ियों का सीमेंट झड़ने लगा है। हर कभी सीमेंट झड़कर नीचे गिरता है, जिससे नपकर्मियों के साथ दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। नगर परिषद कर्मचारियों ने बताया कि पहले भी कुछ कर्मचारियों के ऊपर सीमेंट झड़कर गिर चुका है।



**मरम्मत हुए बीता एक दशक से अधिक का समय**

नगर परिषद सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार पानी की यह टंकी लगभग 50 वर्ष पुरानी है। वर्ष 2014 के आसपास इसकी मरम्मत कराई गई थी। लेकिन मरम्मत हुए भी एक दशक का समय बीत चुका है और अब पुनः टंकी की हालत खराब हो गई है। लागों के ऊपर प्लास्टर गिरने का डर बना है। नागरिकों ने या तो टंकी दुरुस्त करने या इसका डिस्मेंटल करने की मांग की है।



## सोहागपुर में प्रतिबंध पूरी तरह बेअसर, बैखौफ मत्स्याखेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर



पिछले कुछ सालों में सोहागपुर क्षेत्र प्रतिबंध काल में भी मछली मारने का एक बड़ा केंद्र बन गया है। इन दिनों मछली माफिया के गुर्गों द्वारा मछली का शिकार क्षेत्रीय नदियों से किया जा रहा है।

हरिभूमि पड़ताल में सूत्रों ने बताया कि सोहागपुर में नर्मदा व देनवा सहित सभी नदियों में शिकारियों को मछली मारते देखा जा सकता है। दिनदहाड़े मछली मारने वाले नागरिक हाथ में जाल, लकड़ी, कांटा आदि सामग्री लेकर नदियों की ओर जाते देखे जा सकते हैं।

लेकिन सब कुछ जानते हुए भी प्रशासनिक अधिकारी व कर्मचारी खामोश हैं। सूत्रों के अनुसार कोई भी कार्यवाही ना करने के लिए गुप्त समझौते माफिया तथा विभागीय कर्मियों के बीच प्रतिवर्ष होते हैं। इस वर्ष भी बड़ा समझौता परंपरानुसार हुआ है। परिणामतः प्रजनन काल में भी मछली मारने से नदियों का तंत्र वर्ष दर वर्ष बिगड़ता जा रहा है।

#### यह है रोक का कारण

उल्लेखनीय है कि 15 जून से 15 अगस्त तक मछलियों के प्रजनन काल के चलते इस जीव के शिकार पर प्रतिबंध रहता है। शासन व प्रशासन की निगरानी में प्रतिबंध लागू होना चाहिए, लेकिन मछली माफिया के सामने वर्षों से जिम्मेदार घुटने टेके बैठे हैं। अर्थगत समझौते के चलते प्रतिबंध काल में भी रोजाना सोहागपुर क्षेत्र में क्विटलों से मछली मारी जा रही है। मछली दिनदहाड़े चौपाहिया वाहनों सहित ट्रेन से जबलपुर, भोपाल, नर्मदापुरम, इटारसी व अन्य बड़ी मंडियों तक पहुंचाई जा रही है।

#### अंडों की डिमांड

मछली व्यापार से जुड़े सूत्रों ने बताया कि मानसून के दौरान मछली प्रजाति का प्रजनन काल होता है तथा इस काल में एक-एक मछली सैकड़ों अंडे देती है। मछली के अंडों की बहुत अधिक डिमांड के चलते जून के दूसरे पखवाड़े से लेकर अगस्त अगस्त तक प्रतिबंध के बावजूद भी मछली मारी जाती है। सूत्र बताते हैं कि मछली की प्रति किलो दर से अधिक अंडे की प्रति किलो दर बड़े बाजारों में मानसून सीजन में होती है। जिसके चलते मछलियों को पकड़कर उनसे अंडे प्राप्त किए जाते हैं और मछली व अंडों का दोहरा मुनाफा माफिया कमाते हैं। जिसमें शासकीय कर्मचारियों की तय हिस्सेदारी होती है।

## ठेकेदार के द्वारा तोड़ी गई सड़क का नहीं किया सुधार, लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया



जनपद पंचायतकी ग्रामपंचायत मोकलवाड़ा में नल जल योजना के अंतर्गत ठेकेदारके द्वारा सीसी रोडको बीच में से तोड़ दिया गया है। जिसे आज तक बनवाया नहीं गया है बरसात के कारण लोगों को आने-जानेमे काफी तकलीफहो रही है। केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के माध्यम से लोगों के घरों तक पीने कासवच्छ पानी पहुंचाने के लिए यह योजना लागू की गयीथी। लेकिन यहां पर आज दिनांक तक पूरे गावमें पानी के कनेक्शन ही नहींहुए हैं। कहीपाइपलाइन नहीं डाली गई हैतो कहीं कनेक्शन ही नहीं दिए गए हैं। लोकस्थ्य यांत्रिक विभाग मैं महिला पदस्थ उपयत्री का क्षेत्र होने के कारण ठेकेदारके द्वारा लापरवाही पूर्वक काम किया जा रहाहे। एसडीओ रवि कैलवा से चर्चा तो उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य पूरा नाहोने तक भुगतान नहीं किया जवेगा सरपंच का कहना है कि ठेकेदार एवं विभाग केदारा उनकी बातसुनी नहीं जा रही है।

## गोविंद नगर के कृषि डिप्लोमा कोर्स डीलर्स ने सीखे मनोहर कृषि फॉर्म पर प्राकृतिक खेती के सबक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर



सोहागपुर में रसायन रहित खेती के प्रशिक्षक व कृषक सुभाष पटेल कृषि विद्यार्थियों को प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण भी देते हैं। इसी क्रम में गत दिवस पटेल के मनोहर नेचुरल कृषि फार्म पर गोविंद नगर कृषि विज्ञान केंद्र से जुड़े एक वर्षीय डिप्लोमा कोर्स के डीलर्स ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। कृषि विज्ञान केंद्र के भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत विक्रेताओं व डीलर्स को प्राकृतिक खेती और जैविक खेती का प्रशिक्षण पटेल ने दिया।

पटेल ने सभी विक्रेताओं को बताया कि रासायनिक खेती की तुलना में प्राकृतिक खेती में लागत कम और मुनाफा अधिक है। इससे खेतों की उर्वरा शक्ति प्रभावित नहीं होती। तथा जन स्वास्थ्य सुरक्षा की दृष्टि से प्राकृतिक खेती ही उत्तम है। इस दौरान कृषि आदान विक्रेताओं को प्राकृतिक तरीके से बागवानी तथा फसलों में गेहूं, मूंग व धान उपज के तरीकों से अवगत कराया गया। पटेल ने बताया कि प्राकृतिक खाद खेत पर ही कैसे तैयार कर सकते हैं। पटेल ने विक्रेताओं को बताया कि एक एकड़ आम की बागवानी में इस वर्ष उन्होंने 40 क्विंटल से अधिक आम उत्पादित किया व प्राकृतिक तरीके से एक एकड़ में साढ़े तीन क्विंटल मूंग का का उत्पादन लिया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम राष्ट्रीय कृषि प्रबंधन संस्थान हैदराबाद के तकनीकी दिशा निर्देशों व आत्मा परियोजना के सहयोग से आयोजित किया गया।

## स्लॉट हो गए फुल, कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष ने उठाए सवाल शासन से जांच-पड़ताल की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया



अखिल भारतीय राष्ट्रीय काग्रेस नर्मदा पुरम जिलेके पूर्व जिला अध्यक्ष पुष्पराज पटेल द्वारा स्लाट फुल होने तथा 40000 किसान बुकिंग नहीं कर पाने को लेकर उन्होंने शासन से जांच की मांग की है। तथा प्रदेश कि भाजपा सरकार की नीति पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने बताया कि समर्थन मूल्य मूंगखरीदी 7 जुलाई से 6 अगस्त तक करने के निर्देश दिए हैं। लेकिन सलाट बुक करने की अंतिम तिथि 29 जुलाई तय की गई है। नर्मदा पुरम जिलेमे अभी तक 40000किसानों के ही सलाट बुक हो पाए हैं जिले में इतनाही किसान अभी सलाटबुक के लिए घूम रहा है। लेकिन बुक नहीं कर पा रहे है। पुष्पराज पटेल नेकहा कि शासनके अधिकारियों के द्वारा मूंगखरीदी के पूर्व गोदाम का निरीक्षणकिया गयाथा। जो गोदाम पूरी तरह से खालीथै उनमें ही खरीदीहोनाथी। लेकिन अब किसानो को गोदामों में जगह नहीं मीलना यह सबसे बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है। जिसमें प्रशासनिक अधिकारी भी शंका के घेरे में है। पिपरिया विधानसभा क्षेत्र मैं स्लाट बुक नहींहो रहेहै। यह एकजांच का विषय है। उन्होंने जिला कलेक्टर नर्मदा पुरम संभाग एवंअनु विभागीय अधिकारी अनीशा श्रीवास्तवसे मामले की जांच करनेकी मांग कीहै।

पुष्पराज पटेलनेकहाकी वर्ष 2023 में जिस कंपनी को मूंग खरीदी काकाम दिया था। उसके सरवेयर एवं अधिकारीद्वारा भारी भ्रष्टाचार किया गया था। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के दारा फिर से इसकंपनी को ठेका दिया गया है। जिसके सरवेयर से लेकर सभी लोग शामिल रुप से किसानों से पैसा वसूल कर खरीदी कर रहे हैं। घटिया किस्म की नान एफ ए क्यू मूंग खरीद रहे है। जो किसान की नजिनवेयरहाउस में सेंटर बनाए गए हैं। लगता है वहां पूर्व से व्यापारी वर्ग की मूंग रखी थी।जिसे खरीद में दर्शाया गया है।तभी तो इतने कम समय में स्लाट फुल बताया गया है।ऐसा प्रतीत होता है।यह तो वैसा ही हुआ है जैसे महाराष्ट्र में 2घंटे में 40हजार मत पड़े थे। अतः शासन को चाहिए कि मामले की जांच तत्काल करवाई जाए तथा शेष रहे किसान बुकिंग शुरू की जावे।

## जन समस्या को जानने सांसद पहुंचे कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया



नर्मदापुरम -नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्रके दर्शन सिंह केदारा जनता की समस्याओं को नजदीक सेजानने के लिए वह अपनेकार्यालय पहुंचे जहां पर पूर्व विधायक हरिशंकर जायसवाल सहित अरविंद राय पवन वालिया एवं भारतीय जनतापार्टी तमाकार्यकर्ता पदाधिकारीमोजूद थे। संसद के दारा लगभग 47 आवेदन जनता से लिए गए 12 आवेदनोंका तत्काल निराकरणकिया गया। सांसद ने बताया कि वह सरकार एवं जनता के बीच सेतु का काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया की माह के दूसरे रविवार को पिपरिया कार्यालय में जनता के बीच उपस्थित रहते हैं। सभी संसदीय क्षेत्रके लोग पहुंचे थे। नीत राज सिंह पटेल ने बताया कि जनता की समस्याओं का अधिकारियों के माध्यम से निराकरण करने के निर्देश दिए तथानेशनल प्लेयरनिलेश राजपूत को दिव्यांग होनेके कारण स्कूटी भी प्रदानकी है।

## भाजपा के साइकिल वितरण कार्यक्रम में मंडल अध्यक्षों को नहीं किया आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया



शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षा विभाग केसमनयक समितिके अध्यक्ष अरविंद रघुवंशी के द्वारा स्कूल परिसर में विकासखंडके सरकारी स्कूलों के बच्चों को भाजपा सरकार मध्य प्रदेश की मनसा के अनुरूप निशुल्कसाइकिल वितरण का कार्यक्रम कन्या शाला परिसरमेजुलाई 10 जुलाई 2025 को आयोजित किया गया था। जिसमें भारतीय जनतापार्टी के संगठनके पदाधिकारी को आमंत्रित नहीं किया गया। ऐसा आरोप पिपरिया नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी राजा भैया पटेल ने लगाया हैं। तथा मीडिया को भी आमंत्रण पत्र नहीं मिला है।इस बात को लेकर विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री लाल रघुवंशी से चर्चा की तो उन्होंने बताया आमंत्रण पत्र उनके द्वारा तैयार कराएं गए थे।पर समन्वयक समिति के अध्यक्ष एवं प्राचार्य अरविंद रघुवंशी ने क्यों नहीं भेजे इस बात पर अरविंद रघुवंशी ने बताया कि मंडल अध्यक्ष सभी को आमंत्रण पत्र भाजपा कार्यालय में भेजे गए थे। उन्हें कैसे प्राप्त नहीं हुए वह पता करते हैं। याद रहे यह लगातार तीसरे कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें मीडिया को आमंत्रित नहीं किया गया। बी आर सी प्रदीप शर्मा एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी लाल रघुवंशी के द्वारा सूचना दी गई थी जिसके कारण लोग शामिल हुए थे।

## बीएलओ का विधानसभा क्षेत्र स्तरीय प्रशिक्षण 16 व 17 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

सोहागपुर विधानसभा अंतर्गत बीएलओ के लिए राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम होंगे। सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र 138 निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय से प्रशिक्षण बाबत पत्र जारी किया गया है। पत्रानुसार राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रुटिरहित निर्वाचन नामावली बनाने के निर्देशों के अंतर्गत प्रशिक्षण दिया जाना है। सोहागपुर विधानसभा में सेंट पैट्रिक्स हायर सेकेंडरी स्कूल में ये प्रशिक्षण होंगे। निर्वाचन शाखा विधानसभा सोहागपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार मतदान केंद्र क्रमांक एक से 200 तक के बीएलओ का प्रशिक्षण 16 जुलाई को तथा केंद्र क्रमांक 201 से 314 तक के बीएलओ का प्रशिक्षण 17 जुलाई को होगा।

**अनुपस्थिति पर होगी कार्यवाही**

विस रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रशिक्षण सभी बीएलओ के लिए अनिवार्य है। यदि कोई भी बीएलओ प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहता है तो उस पर राज्य निर्वाचन आयोग के नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी। यह कार्रवाई निर्वाचन अधिनियमों के तहत एक पक्षीय रूप में प्रस्तावित की जाएगी। जानकारी अनुसार अभी तक प्रशासनिक रूप से बीएलओ की अनुपस्थिति पर सहानुभूति बरत ली जाती थी। लेकिन अब उच्च स्तरीय निर्देशानुसार कड़ी कार्रवाई किया जाना तय है।

### किसानों से फार्मर रजिस्ट्री कराने की कलेक्टर ने की अपील

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए फार्मर रजिस्ट्री का कार्य तेजी से किया जा रहा है। कलेक्टर बालागुरू के. ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है कि कोई भी किसान फार्मर रजिस्ट्री से न छूटे। उन्होंने कहा है कि फार्मर रजिस्ट्री केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह किसानों को योजनाओं से जोड़ने का प्रमुख माध्यम है। इसका हर किसान तक लाभ पहुंचना अनिवार्य है। सभी किसानों की फार्मर रजिस्ट्री का कार्य तेजी से किया जा सके इसके लिए जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। घर-घर जाकर भी रजिस्ट्री की जा रही है।

### विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर बैठक व कार्यक्रम आयोजित

# परिवार नियोजन के संबंध में जागरूकता के लिए सीहोर जिले ने किया नवाचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



शासन के निर्देशानुसार विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर सीएमएचओ कार्यालय में बैठक एवं कार्यक्रम आयोजित किया गया। सीएमएचओ सुधीर डेहरिया ने बताया कि विश्व जनसंख्या दिवस के तहत 11 जुलाई से 11 अगस्त तक अभियान चलाकर परिवार नियोजन के महत्व के प्रति समुदाय को जागरूक किया जाएगा। इसके साथ ही परिवार कल्याण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्य किए जाएंगे। इस संबंध में समुदाय को जागरूक करने के उद्देश्य से सीहोर जिले के स्वास्थ्य विभाग द्वारा नवाचार किया गया है। इस नवाचार के तहत जिले की सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं के ओपीडी पर्ची पर जागरूकता का नारा ₹माँ बनने की उम्र वही, जब तन और मन की तैयारी सही₹ अंकित कराया जाएगा। इसके साथ ही अन्य माध्यमों से जागरूकता फैलाई जाएगी। सीएमएचओ कार्यालय में आयोजित बैठक में वर्ष 2023-24 में परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले डॉक्टर, सीएचओ, बीई एएनएम, आशा, सुपरवाईजरर्स को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सीएमएचओ सुधीर डेहरिया ने स्वास्थ्य विभाग की गतिविधियों की जानकारी और स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं से सभी पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

### नए पंजीयन करने वालों के लिए बनेंगे जीएसटी सेवा केंद्र

**सीहोर।** जीएसटी के नये पंजीयन लेने वाले व्यक्तियों में हाई रिस्क स्कोर के अंतर्गत आने वाले व्यवसाईयों के बायोमेट्रिक से आधार का सत्यापन करने के लिए जीएसटीएन की मदद से जीएसटी सेवा केंद्र स्थापित किए जाएंगे। नये डाटा एनालिसिस एंड मॉनिटरिंग कार्य से संबंधित नये प्लेटफार्म दिशा - डेटा इंटेलिजेंस सिस्टम फॉर हॉलिस्टिक एनालिसिस का उपयोग शुरू कर दिया गया है। यह बात उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने विभाग की समीक्षा के दौरान कही। विभाग द्वारा जीएसटीएन, जीएसटी प्राइम, एनआईसी, ई-वे बिल जैसे विभिन्न पोर्टल पर उपलब्ध लगभग 105 रिपोर्ट को फील्ड अधिकारियों को देकर कर ऑनलाइन वेब पेज के माध्यम से कर चोरी के प्रकरणों की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। बोगस पंजीयन की रोकथाम के लिए पंजीयन आवेदन के साथ व्यवसाय स्थल के प्रमाण के रूप में दिए गए बिजली क्रमांक का ऑनलाइन वेरिफिकेशन विद्युत वितरण कंपनी के डेटा से करने की।

## सरपंच महासम्मेलन में शामिल हुई राज्यसभा सांसद नारोलिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

जनपद पंचायत के सभा कक्ष में सरपंच महासम्मेलन का आयोजन किया गया। यह सम्मेलन मध्य प्रदेश राज्य पंचायत परिषद एवं अखिल भारतीय पंचायत परिषद, दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। सम्मेलन में जिले भर से आए सरपंचों एवं उनके प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने सरपंचों एवं पंच प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए पंचायतों को सशक्त और स्वावलंबी बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों से संबंधित सभी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। इस अवसर पर मध्य प्रदेश राज्य पंचायत परिषद के अध्यक्ष अशोक सिंह सेंगर, प्रदेश सचिव बद्रीदास बैरागी, जनपद अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे, सोहागपुर जनपद अध्यक्ष जालम सिंह पटेल, आशुतोष तिवारी, साहब सिंह पटेल आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### रक्षाबंधन पर मिलेगा अतिरिक्त राशि उपहार

**सीहोर।** बहनों के लिए लाड़ली बहना योजना लगातार जारी रहेगी। रक्षाबंधन में बहनों को इस योजना से अतिरिक्त राशि दी जाएगी। इस योजना की राशि 3 वर्ष में बढ़ाकर 3 हजार रुपए तक ले जाएंगे। महिलाओं को संपत्ति के पंजीयन में दो प्रतिशत की छूट दी जा रही है इसके फलस्वरुप पिछले एक साल में 70 प्रतिशत संपत्तियों का पंजीयन महिलाओं के नाम पर हुआ है। महिला सशक्तिकरण के लिये राज्य सरकार संकल्पित है। महिला स्व-सहायता समूहों को उद्योग लगाने के लिए भी छूट का लाभ दिया जाएगा।

### सुबह बाल विहार मैदान रोड पर लग रहा जाम

**सीहोर।** बाल विहार मैदान के पास वाली सड़क पर हर सुबह जाम लगने लगा है। मजदूर वर्ग के लोग यहां सुबह जमा होते हैं। निर्माण कार्यों के लिए लोग इन्हें लेने आते हैं। मजदूरी तय करने का काम सड़क पर ही होता है। इससे रास्ता बंद हो जाता है। वाहन चालकों को निकलना मुश्किल हो जाता है। लोग बाइक और चार पहिया वाहन भी सड़क पर खड़े कर देते हैं। इससे जाम और बढ़ जाता है। यातायात पुलिस ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। नमक चौराहा और बाजार के अन्य हिस्सों में भी यही हाल है। लोग दोपहिया वाहन बेतरतीब खड़े कर देते हैं। इससे हर दिन जाम लगता है। शहर में पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। कई बार लोगों ने पार्किंग स्थल की मांग की। लेकिन अब तक कोई काम नहीं हुआ। बाजार में सड़क पर वाहन खड़े रहने से जाम की स्थिति बनती है।

### समग्र आईडी एवं आधार कार्ड से ईकेवाईसी करवाना आवश्यक

**सीहोर।** सभी आमजन को को सूचित किया गया है कि शासन द्वारा संचालित सभी योजनाओं एवं शासकीय कार्यों का लाभ लेने के लिये सभी खाताधारक, भूमि स्वामियों, प्लॉट-भूखण्ड, मकान मालिकों जिनके नाम खसरा रिकार्ड में दर्ज हैं उन्हें अपने-अपने भू-खण्ड एवं कृषि भूमियों का समग्र आई.डी. एवं आधार कार्ड से ईकेवाईसी कराना आवश्यक है। भूमियों की हेरा-फेरी एवं जमीन संबंधी गड़बड़ियों से बचना चाहते और अपने भूखण्ड, मकान, दुकान कृषि भूमि को सुरक्षित रखना चाहते हो तो कृषि भूमियों, भूखण्डों, प्लाट एवं मकानो की ईकेवाईसी अवश्य कराएं।

---

ग्राम जामनी गुर्जर स्थित कन्या शिक्षा परिसर में समस्याएं सुनी

# शाह ने छात्राओं के साथ भोजन किया, कहा समस्याओं का समाधान सरकार करेगी



हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा।

जनजातीय कार्य विभाग के मंत्री डॉ. विजय शाह ने रविवार को खालवा विकासखंड के ग्राम जामनी गुर्जर स्थित कन्या शिक्षा परिसर में छात्राओं के साथ बैठकर भोजन किया और उनकी समस्याएं सुनीं। इस अवसर पर उन्होंने छात्राओं से कहा कि वे केवल पढ़ाई पर ध्यान दें, उनकी सभी समस्याओं का समाधान प्रदेश सरकार करेगी। डॉ. शाह ने कहा कि जिले के तीनों कन्या शिक्षा परिसरों में डिजिटल बोर्ड स्थापित किए जाएंगे और स्मार्ट क्लास की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। छात्राओं को रोजगार मूलक प्रशिक्षण भी दिलाया जाएगा, जिससे वे पढ़ाई के बाद आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने जानकारी दी कि ग्राम आवलिया में संस्कृति व संस्कार संबंधी प्रशिक्षण का पाठ्यक्रम शुरू किया जाएगा, साथ ही छात्राओं को उच्च शिक्षण संस्थानों और दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कराने के लिए बड़े वाहनों की व्यवस्था भी की जाएगी। मंत्री ने बताया कि प्रदेश सरकार ने छात्राओं की सुविधा के लिए शालिनी एप तैयार कराया है, जिससे छात्रावास में प्रवेश, छात्रवृत्ति भुगतान जैसी समस्याओं का समाधान मिलेगा। उन्होंने कहा कि जिन छात्राओं को छात्रावास में स्थान नहीं मिल पाता, उन्हें किराए के कमरे के लिए आर्थिक मदद दी जा रही है।

### सेल्दा में खेल प्रशिक्षण परिसर की स्थापना की जाएगी

उन्होंने सहायक आयुक्त को निर्देश दिए कि छात्राओं को पॉलिटेक्निक कॉलेज और आईटीआई का भ्रमण कराया जाए, ताकि वे तकनीकी शिक्षा और रोजगार मूलक पाठ्यक्रमों के बारे में जान सकें। डॉ. शाह ने बताया कि ग्राम सेल्दा में खेल प्रशिक्षण परिसर की स्थापना की जाएगी, जहां आदिवासी छात्राओं को उच्च स्तरीय खेल सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जनजाति वर्ग के ऐसे आईएएस अधिकारी जो सरकारी छात्रावासों में रहकर पढ़ाई कर चुके हैं, उन्हें भ्रमण पर भेजा जाएगा ताकि वे छात्रावासी विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित कर सकें। अंत में उन्होंने अधीक्षक को निर्देश दिए कि छात्राओं की हर सप्ताह उनके माता-पिता से मोबाइल फोन पर बातचीत कराई जाए, ताकि वे अपनी समस्याएं खुलकर बता सकें। इस दौरान क्षेत्र संयोजक नीरज पाराशर, सहायक आयुक्त संतोष शुक्ला सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

---

किसानों की बढ़ी चिंता

## सावन की शुरुआत सूखी होने से फसलें सूखने की कगार पर



हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा

सहित पूरे निमाड़ अंचल में पिछले करीब 10 दिनों से बारिश नहीं हुई है। सावन की शुरुआत भी सूखी रही, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। जून के दूसरे सप्ताह में बोवनी कर चुके किसानों की फसलें अब मुरझाने लगी हैं। खासकर हल्की जमीनों में हालात और भी खराब हो गए हैं। तेज धूप के कारण सोयाबीन की फसल सूखने की कगार पर पहुंच चुकी है। ज्यादातर किसानों ने खरपतवार नाशक का छिड़काव कर कोल्पे भी चलवा दिए थे। अब फसल की ग्रोथ का समय है, लेकिन बारिश के अभाव में मिट्टी की नमी घट गई है और फसलें झुलसने लगी हैं। सावन की शुरुआत पर बारिश की उम्मीद थी, खासकर गुरुपूर्णिमा और पहले दिन के मौके पर आस थी कि मौसम बदलेगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। किसान अब कह रहे हैं कि यदि 1-2 दिन में बारिश नहीं हुई तो फसलें बचाना मुश्किल हो जाएगा। मौसम विभाग पहले ही खंड वर्षा की संभावना जता चुका था और किसानों को बीजोपचार व मेड पद्धति से बोवनी करने की सलाह दी गई थी। मेड पद्धति से दो कतारों के बीच बनी गहराई बारिश के पानी को रोकने में मदद करती है, जो लंबे अंतराल वाली बारिश की स्थिति में फायदेमंद होती है।

**10-12 दिन मौसम लगभग साफ रहने की संभावना-** मौसम विशेषज्ञ सौरव गुप्ता के अनुसार, देवास में बारिश हो रही है। खंडवा में रविवार से मंगलवार तक हल्की बारिश हो सकती है, लेकिन तेज बारिश के कोई संकेत नहीं हैं। अगले 10 से 12 दिन मौसम लगभग साफ रहने की संभावना है। कुछ जानकारों का मानना है कि जिले में जंगलों की अंधाधुंध कटाई के कारण भी बारिश का पैटर्न बिगड़ गया है। इससे नमी और बादलों की आवाजाही असंतुलित हो रही है।

---

ग्राम कोठी में अभिनंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया

# विधायक ने ऋतंभरा से भेंटकर सुख-समृद्धि की कामना की



**खंडवा।** विधायक कंचन मुकेश तनवे ने ग्राम कोठी में दीदी माँ साध्वी ऋतंभरा के दर्शन कर पूजन-अर्चन किया। इस अवसर पर उन्होंने गुरु परंपरा को नमन करते हुए खंडवा की सुख-समृद्धि की कामना की। दीदी माँ के सान्निध्य में विधायक तनवे ने आशीर्वाद प्राप्त किया और उनका अभिनंदन किया। विधायक कंचन मुकेश तनवे ने बताया कि ऐसे संतों का मार्गदर्शन समाज को सकारात्मक दिशा देता है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनों ने भी दीदी माँ के प्रवचनों को श्रवण कर आत्मिक आनंद प्राप्त किया। इस शुभ अवसर पर अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिनमें त्रिलोक पटेल, धर्मेंद्र बजाज, शिव चौहान आशापुर, राजपाल सिंह चौहान, सेवादास पटेल, आशीष चटकले, महेंद्र सावनेर, जितेंद्र मंडलोई सहित कई लोग शामिल हुए। ग्राम कोठी में दीदी माँ के आगमन से धार्मिक वातावरण बना रहा। विधायक कंचन तनवे ने सभी उपस्थितजनों के साथ मिलकर गुरु परंपरा को निभाते हुए सभी के लिए आशीर्वाद लिया।

---

सुसाइड नोट नहीं मिला, परिजन आत्महत्या का कारण नहीं बता पा रहे

# पटवारी का सहायक पानी की टंकी पर फांसी पर लटका

हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा

हरसूद क्षेत्र के धारूखेड़ी गांव में शनिवार रात एक पटवारी सहायक सर्वेयर ने पानी की टंकी में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान अमित पिता नेमीचंद गौर (20) के रूप में हुई है। वह राजस्व विभाग में मानदेय पर सर्वेयर के रूप में कार्यरत था। जानकारी के अनुसार, घटना रात करीब 10 बजे के बाद की है। जल जीवन मिशन के तहत बनी पानी की टंकी की गैलरी में जाकर अमित ने रस्सी से फांसी लगा ली। रविवार सुबह जब पंप ऑपरेटर टंकी भरने पहुंचा, तो उसने युवक को फंदे पर लटका देखा और तत्काल पुलिस को सूचना दी। हरसूद



थाना प्रभारी राजकुमार राठौर ने बताया कि घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है और न ही परिजन आत्महत्या के पीछे कोई कारण बता पा रहे हैं। मृतक का मोबाइल फोन स्विच ऑफ मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। बताया गया है कि अमित गौर एक हाथ से दिव्यांग था और गिरदावरी, फसल नुकसानी जैसे कामों के लिए उसे मानदेय दिया जाता था। फिलहाल आत्महत्या की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस मोबाइल की कॉल डिटेल और अन्य तकनीकी पहलुओं से जांच कर रही है।

---

आर्थिक रूप से कमजोर रमजान के बेटे को मिला नया जीवन

## आयुष्मान भारत योजना बनी जीवन रक्षक जीशान के दिल की हुई सफल सर्जरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा

खालवा ब्लॉक ऑफिस चौराहा निवासी रमजान खान का 15 वर्षीय बेटा जीशान काफी समय से गंभीर रूप से बीमार चल रहा था। जीशान को हल्की गतिविधियों में भी थकान और सांस फूलने की समस्या होती थी, जिससे वह अन्य बच्चों की तरह खेलकूद में भाग नहीं ले पाता था। परिजन उसे डॉक्टर के पास ले गए, जहां डॉ. शैलेन्द्र राठौर और उनकी टीम ने उसकी



जांच कर इंदौर के हृदय रोग विशेषज्ञ को दिखाने की सलाह दी। इंदौर के मेंदाता हॉस्पिटल में जांच के बाद डॉक्टरों ने बताया कि जीशान के हृदय की नसों में सूजन, रक्त प्रवाह में कमी और हार्ट के वाल्व में गंभीर समस्या है, जिसका इलाज सर्जरी से ही संभव है। सर्जरी पर अनुमानित खर्च लाखों रुपये था, जिसे वहन करना रमजान के लिए असंभव था, क्योंकि वह बस एजेंट के रूप में कार्य करता है और आर्थिक रूप से कमजोर है।

### अब जीशान पूरी तरह स्वस्थ है

हालांकि रमजान पहले से ही आयुष्मान कार्डधारी था, जिसने जीशान के लिए जीवन रक्षक का कार्य किया। उसने बेटे को 19 मई को इंदौर के सेंट फ्रांसिस अस्पताल में भर्ती कराया। जांच-परीक्षण के बाद 21 मई को आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत जीशान की सफल हृदय सर्जरी की गई। अब जीशान पूरी तरह स्वस्थ है। रमजान ने बताया कि आयुष्मान योजना नहीं होती तो बेटे की सर्जरी कराना उसके बस की बात नहीं थी। इसके लिए उसने और उसके परिवार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री मोहन यादव का आभार प्रकट किया।

---

## 25 लाख की संपत्ति मालिकों को लौटाई, अब तक 70 लाख रुपए के 466 मोबाइल मिल चुके

### पुलिस ने 165 गुम स्मार्टफोन किए बरामद




**सीहोर।** पुलिस की साइबर सेल ने 165 गुम हुए स्मार्टफोन बरामद किए हैं। इन मोबाइल की कुल कीमत लगभग 25 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत ने इन्हें उनके वैध मालिकों को सौंपा।

साइबर सेल और थाना स्तर की टीमों ने दो महीने तक तकनीकी माध्यम से तलाश कर मोबाइल फोन खोजे। वर्ष 2025 में इससे पहले भी 301 स्मार्टफोन बरामद किए जा चुके हैं, जिनकी कीमत करीब 45 लाख रुपए थी। इस तरह अब तक कुल 466 मोबाइल फोन वापस लाकर पुलिस ने लोगों को सौंपे, जिनकी कुल कीमत करीब 70 लाख रुपए है।

**मोबाइल पाकर भावुक हुए लोग, जताया आभार:** मिलने वाले मोबाइलों को उनके मालिकों को एक कार्यक्रम में सौंपा गया। इस मौके पर छात्र-छात्राएं, वरिष्ठ नागरिक और अन्य लोग मौजूद रहे। सभी ने पुलिस और साइबर सेल का आभार जताया।

**साइबर अपराध से बचाव के दिए टिप्स :** एसपी दीपक शुक्ला ने इस दौरान लोगों को साइबर सुरक्षा से जुड़े सुझाव दिए। उन्होंने कहा, मोबाइल खोने पर तुरंत सिम ब्लॉक करवाएं। सोशल मीडिया पर गोपनीय जानकारी, फोटो या वीडियो अनजान व्यक्ति से शेयर न करें। सतर्कता और जागरूकता से साइबर अपराध से बचा जा सकता है। कार्यक्रम में एएसपी सुनीता रावत के साथ साइबर सेल की टीम से प्रधान आरक्षक सुशील कुमार साल्वे, शैलेन्द्र सिंह राजपूत, आरक्षक अभिषेक चौहान, तरुण राठौर और अर्पित गुप्ता शामिल रहे।

---

कांवड़ यात्रा का 300 से अधिक स्थानों पर सामाजिक संगठन करेंगे स्वागत

# सीवन नदी के तट से हर रोज कुबेरेश्वरधाम के लिए पहुंच रहे बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

हर साल की तरह आगामी छह अगस्त को शहर के सीवन नदी तट से पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में भव्य कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी। इस मौके पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे, इधर सावन के माह पहले दिन सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु विभिन्न नदियों का जल लेकर जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर और कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में पहुंचने का सिलसिला जारी है। सैकड़ों की संख्या में शामिल श्रद्धालुओं का शहर के अलावा भी ग्रामीण क्षेत्रों में समाजसेवी संगठनों के द्वारा इनका निशुल्क रूप से शेड लगाकर निशुल्क रूप से जल, चाय आदि के साथ किया जा रहा है। इधर विठलेश सेवा समिति के द्वारा लगाई गई भोजनशाला में भी भोजन का वितरण किया जा रहा है।

आगामी छह अगस्त को निकाली जाने वाली कांवड यात्रा की तैयारियों को लेकर समिति के अलावा प्रशासन की बैठक का आयोजन किया जाएगा। करीब 11 किलोमीटर तक निकाली जाने वाली इस कावड़ यात्रा का 300 से अधिक स्थानों पर सामाजिक संगठनों सहित अन्य द्वारा स्वागत किया जाएगा। महिलाएं केशरिया, पीली रंग की साड़ियों में तो पुरुष भगवा रंग के गमछे में रहेंगे। कार्यकर्ताओं समिति की टी-शर्ट में रहेंगे। कार्यक्रम का प्रसारण ऑनलाइन किया जाएगा।

### लगातार तीन वर्ष से शामिल होते हैं कांवड यात्रा में

शनिवार को महाराष्ट्र के नागपुर से आए विनाकर परिवार सहित आधा दर्जन से अधिक श्रद्धालुओं ने बताया कि वह लगातार तीन सालों से कांवड यात्रा में शामिल हो रहे है वह आगामी छह अगस्त को भी कावड में शामिल होंगे। इसी प्रकार पिछल दो दिनों में करीब 15 हजार से अधिक कावड लेकर श्रद्धालु सीवन नदी से धाम पहुंचे है। इसमें छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, बिहार सहित अन्य प्रांतों के श्रद्धालु शामिल है।

---

## चौक-चौराहों पर पशुओं का डेरा, ट्रैफिक व्यवस्था कर रहे अवरुद्ध, चालक हो रहे हादसे का शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के चौक-चौराहों पर इन दिनों पशुओं का जमावड़ा बना हुआ है। इन पशुओं की वजह से जहां यातायात प्रभावित होता है तो वहीं हादसों का डर भी बना रहता है। इन पशुओं की वजह से आए दिन हादसे घटित हो रहे हैं। शहर की सडक़ों से इन पशुओं को हटाने के लिए जिम्मेदार विभाग को विशेष रुचि नहीं है। हरिभूमि ने लाइव पड़ताल कर शहर की सडक़ों की स्थितियों का जायजा लिया। इस दौरान व्यस्त सडक़ों पर पशु बैठे नजर आए। गौरतलब है कि शहर में इंदौर नाका से बस स्टैंड, इंग्लिशपुरा से भोपाल नाका, पुराना बस स्टैंड से अस्पताल चौराहा एवं तहसील चौराहा से मण्डी तक की अनेक महत्वपूर्ण सडक़ें हैं। यह सडक़ें शहर को एक छोर से दूसरे छोर के लिए जोड़ती है। इन सडक़ों पर दिन भर ट्रैफिक दबाव बना रहता है। लेकिन इन सडक़ों पर दिन भर पशुओं का जमावड़ा बना रहता है। दिन के समय तो यह पशु नजर आते हैं।

### बनते हैं जाम के हालात

शहर की महत्वपूर्ण सडक़ों पर पशुओं की जमावड़े की वजह से दिन भर ट्रैफिक जाम के हालात बनते हैं। खास बात यह है कि इन महत्वपूर्ण सडक़ों से ही कलेक्ट्रेट कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, तहसील कार्यालय आना जाना होता है। अधिकारी भी इन्हीं सडक़ों से आवागमन करते हैं।